@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Wednesday, 03 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 258 Pages 04 | ₹3.00

# Rajasthan Pushes Green Growth and Youth Empowerment Agenda During CM Sharma's Delhi Meetings

FAIR REPORT



**JAIPUR/NEW DELHI,** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Tuesday held high-level meetings with Union ministers to accelerate the state's development agenda, focusing on renewable energy expansion, food security, skill development, employment generation and youth empowerment.

During his meeting with Union Minister for Consumer Affairs, Food and Public Distribution and New & Renewable Energy, Prahlad Joshi, Sharma discussed measures to further strengthen Rajasthan's food security framework and enhance the efficiency of the Public Distribution System (PDS). The talks also centered on leveraging central schemes and upcoming projects to position Rajasthan as a leading renewable energy hub in the country.

Joshi lauded Rajasthan's rapid strides in the green energy sector, particularly the implementation of the ambitious Green Energy Corridor-II project, which is expected to play a pivotal role in strengthening the state's clean energy infrastructure and supporting India's energy transition goals.

In a separate meeting with Union Minister for Labour and Employment, Youth Affairs and Sports, Dr. Mansukh Mandaviya, the Chief Minister explored strategies to create new employment opportunities, expand skill development initiatives and foster a vibrant sports culture across Rajasthan. Discussions also focused on providing world-class facilities and greater support to emerging athletes from the state.

The leaders deliberated on ways to enhance youth participation through the 'MY Bharat' initiative, aimed at connecting young citizens with nation-building activities and leadership opportunities.

Highlighting the state's development priorities, Sharma said the double-engine government under Prime Minister Narendra Modi's leadership is committed to unlocking the potential of Rajasthan's youth and ensuring a secure and prosperous future for them.

The meetings underscore Rajasthan's growing emphasis on sustainable development, employment-led growth and youth-centric policymaking as the state seeks to position itself as a major contributor to India's economic transformation.

## Rajasthan Pushes Green Energy and Youth-Centric Growth Agenda in High-Level Delhi Meetings

FAIR REPORT



**NEW DELHI/JAIPUR, :** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Tuesday held crucial meetings with Union ministers in New Delhi, underscoring the state's aggressive push towards energy self-reliance, food security, youth empowerment and employment-led growth. During his interaction with Union Minister for Consumer Affairs, Food and Public Distribution and New & Renewable Energy, Prahlad Joshi, Sharma discussed a wide range of initiatives aimed at strengthening Rajasthan's food security architecture and further modernising the Public Distribution System. The two leaders also reviewed ongoing and upcoming renewable energy projects designed to accelerate the state's transition into a green-energy powerhouse. The discussions assumed significance as Rajasthan continues to emerge as one of India's leading renewable energy destinations. Prahlad Joshi commended the state's progress in the clean energy sector and lauded the implementation of the ambitious Green Energy Corridor-II project, a key initiative expected to strengthen power transmission infrastructure and enhance energy sustainability.

In a separate meeting with Union Labour and Employment, Youth Affairs and Sports Minister Dr. Mansukh Mandaviya, the Chief Minister focused on expanding opportunities for Rajasthan's youth through skill development, employment generation and sports infrastructure development. The leaders explored strategies to equip young people with industry-relevant skills, create new avenues of employment and provide aspiring athletes with world-class facilities and greater institutional support. Discussions also centered on expanding youth participation through the MY Bharat initiative, aimed at nurturing leadership, innovation and civic engagement among India's next generation.

## Passport, Backpack, ₹1 Lakh: How Gen Z Is Rewriting the Rules of International Travel


FAIR REPORT

**NEW DELHI** : They don't want luxury resorts or business class seats. They want stamps on their passports — and they want them cheap. India's Gen Z travellers are quietly engineering a revolution in outbound tourism, and a new report by Wize has put hard numbers to what frequent flyers have long suspected: international travel on a sub- 1 lakh budget is no longer the exception. It is rapidly becoming the norm. According to the report, nearly half of all Indian travellers surveyed said they spend less than 1 lakh per person on their foreign trips — a figure that would have seemed implausible a decade ago when international travel was firmly the preserve of the upper-middle class. The trend is being driven overwhelmingly by Gen Z, a generation that has grown up with budget airlines, hostel booking apps, and an Instagram feed full of peers doing exactly what they aspire to do. The destinations of choice tell their own story — Thailand, Bali, and Singapore dominate the wish lists, all three offering a potent combination of visa accessibility, affordable accommodation, vibrant street food cultures, and high-quality content backdrops for social media. These are not accidental choices. They are the result of a generation that researches obsessively, hunts flash sales, and has elevated budget travel planning to something close to an art form.

## Rajasthan Fast-Tracks Infrastructure Push

# ₹882 Crore Approved for 137 Road Projects Across State

FAIR REPORT



**JAIPUR,** June 2: In a major boost to Rajasthan's infrastructure development agenda, the state government under Chief Minister Bhajan Lal Sharma has approved 882.54 crore for 137 road construction and strengthening projects across multiple districts, accelerating the implementation of key budget announcements and reinforcing its focus on grassroots connectivity.

The financial sanction marks one of the most significant infrastructure approvals in recent months and is expected to enhance transportation networks, improve accessibility, and stimulate economic activity across urban and rural regions alike. The tendering process for the projects is set to begin shortly.

Officials said the move reflects the government's commitment to translating budget promises into tangible development outcomes through swift decision-making and coordinated execution. The projects will cover a wide geographical spread, including Phalodi, Jodhpur, Beawar, Alwar, Barmer, Balotra, Dausa, Dungarpur, Hanumangarh, Jhunjhunu, Karauli, Nagaur, Pali, Sawai Madhopur, Sikar, Salumber, Churu, Didwana-Kuchaman, Jalore, Baran, Sri Ganganagar, Jhalawar, Jaipur, Bharatpur, Pratapgarh, Banswara, Khairthal-Tijara, Kotputli-Behror and Dholpur.

The ambitious road development package is expected to strengthen critical infrastructure, reduce travel time, improve connectivity between villages and towns, and facilitate smoother movement of goods and services. Experts believe the investment could generate substantial employment opportunities during the construction phase while supporting long-term regional growth.

The approval comes as the Bhajan Lal Sharma government intensifies efforts to ensure the timely execution of budget commitments. According to government sources, departments have been directed to maintain strict timelines and expedite implementation to maximize public benefit.

## Building a Home Just Got Costlier: Cement Prices Set to Rise ₹5 Per Bag This June

FAIR REPORT

**NEW DELHI**: For millions of Indians in the middle of constructing homes, the timing could not be worse. Cement prices across the country are expected to rise by an average of 5 per bag this month, according to reports citing CNBCtv18, as the industry grapples with persistently rising input costs that are squeezing manufacturer margins to uncomfortable levels.

The warning shot has come from Nomura, the global brokerage firm, whose latest sector report flags that escalating production costs have made it increasingly difficult for cement companies to sustain profitability without passing the burden downstream — directly onto the consumer.

On the surface, 5 per bag may sound modest. But the arithmetic adds up quickly on a construction site. A standard house requires hundreds of bags of cement, meaning even a small per-unit price increase translates into a meaningful addition to overall construction costs — a pressure felt most acutely by the middle-class homebuilder already navigating elevated steel prices, labour costs, and borrowing rates. The timing is also significant from a macroeconomic standpoint. India's housing sector has been on a strong upswing, with both urban residential demand and rural self-construction activity running at elevated levels. A price increase in the country's most fundamental building material risks acting as a speed bump on that momentum.

# RAJASTHAN'S POLITICAL BATTLEFIELD GETS A NEW COMMANDER: BJP BETS BIG ON AJAY KUMAR



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*



The Bharatiya Janata Party has unveiled what many insiders describe as its most consequential organisational move in Rajasthan in years, appointing Ajay Kumar as the state's new Organisation General Secretary. More than a routine reshuffle, the decision signals BJP's determination to transform itself from an election-winning machine into a long-term political institution capable of reshaping Rajasthan's political landscape.

Young, energetic, and widely regarded as one of the party's most forward-looking organisational minds, Ajay Kumar arrives with a reputation for blending traditional cadre strength with modern political management. His tenure in Uttarakhand earned him recognition as a strategist who not only strengthened the BJP's grassroots structure but also helped overturn the state's long-standing anti-incumbency pattern.

Within party circles, Kumar is credited with creating a highly responsive booth-level network, empowering workers through continuous engagement, and fostering seamless coordination between government and organisation. The result was a political model that delivered repeated electoral successes and established BJP's dominance across multiple levels of governance. Rajasthan now presents an even bigger canvas. With its complex caste equations, diverse regional aspirations, and deeply competitive political environment, the state has historically resisted prolonged political dominance by any single party. BJP's leadership believes Ajay Kumar possesses the organisational vision needed to break that pattern.

Party leaders describe him as a future-oriented strategist focused on data-driven decision-making, digital outreach, youth engagement, and building a cadre culture that remains active between elections rather than only during campaign seasons. His emphasis on institutional strength over personality-centric politics is seen as a key pillar of BJP's long-term strategy.

As Chief Minister Bhajan Lal Sharma's government works to consolidate its governance record, Ajay Kumar's appointment underscores a larger ambition: to build a BJP that is not merely prepared for the next election, but designed for the next decade. Rajasthan may now become the testing ground for the party's most ambitious political experiment yet.

# फर्जी डिग्री विवाद में घिरी मेवाड़ यूनिवर्सिटी पर सरकार की बड़ी कार्रवाई, नए प्रवेशों पर अनिश्चितकालीन रोक

### जांच में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के बाद फैसला; छात्रों के हित और शिक्षा व्यवस्था की साख बचाने का हवाला

चित्तौड़गढ़- लंबे समय से विवादों और आरोपों के केंद्र में रही गंगरार स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी पर राजस्थान सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। फर्जी डिग्री प्रकरण और जांच में उजागर हुई गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद यूनिवर्सिटी में नए छात्रों के दाखिले तत्काल प्रभाव से बंद हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छात्रों के हितों की सुरक्षा, उच्च शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखने और जनहित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अब सरकार की ओर से अगला आदेश जारी होने तक किसी भी कोर्स में नए प्रवेश नहीं लिए जा सकेंगे। जानकारी के अनुसार मेवाड़ यूनिवर्सिटी के खिलाफ




फर्जी डिग्रियां जारी करने और अन्य प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने विस्तृत जांच करवाई थी। उदयपुर संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी, जिसमें कई गंभीर खामियों और गड़बड़ियों का उल्लेख किया गया है।रिपोर्ट के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग ने मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौड़गढ़ अधिनियम-2009 की धारा 44(1) के तहत विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपना जवाब भी प्रस्तुत कर दिया है, लेकिन विभागीय स्तर पर उसकी समीक्षा अभी जारी है और अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। सरकारी आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि फर्जी डिग्री मामले की जांच के दौरान एसओजी ने यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ कर्मचारियों और पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस प्रकरण में गिरफ्तारियां भी हुई हैं, जिन्हें सरकार ने गंभीरता से लिया है। सरकार का कहना है कि विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मामलों की जांच अभी कई स्तरों पर जारी है और कुछ मामलों में कानूनी कार्रवाई भी विचाराधीन है। साथ ही मेवाड़ यूनिवर्सिटी अधिनियम-2009 के संभावित उल्लंघन से जुड़े पहलू भी जांच के दायरे में हैं। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार ने फिलहाल नए प्रवेश रोकने का निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा विभाग का मानना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक नए छात्रों को प्रवेश देना उनके भविष्य के हित में नहीं होगा। संयुक्त सचिव डॉ. मुकेश कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश के बाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। अब सभी की निगाहें सरकार की अगली कार्रवाई और जांच के अंतिम निष्कर्षों पर टिकी हैं।

# ट्रांसफार्मर के अंदर छिपा रखा था शराब का जखीरा, पुलिस ने खोला राज

## गुप्त स्कीम बनाकर गुजरात ले जाई जा रही थी 300 पेटी बीयर; ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के भीतर बनाई गई गुप्त स्कीम का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ट्रांसफार्मर में छिपाकर गुजरात ले जाई जा रही करीब 300 पेटी अवैध किंगफिशर बीयर बरामद कर ट्रक जब्त कर लिया, जबकि चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तस्करों ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए ट्रांसफार्मर के अंदर विशेष रूप से छिपाने की व्यवस्था बना रखी थी। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिले में अवैध शराब और नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एएसपी मुकुल शर्मा के मार्गदर्शन और डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के निर्देशन में सदर निम्बाहेड़ा थाना प्रभारी संजय शर्मा ने विशेष टीम गठित की थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टाटा ट्रक में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर निम्बाहेड़ा से छोटीसादड़ी



और प्रतापगढ़ होते हुए गुजरात ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने नरसिंहगढ़ टोल नाके पर घेराबंदी कर ट्रक को रुकवाया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में रखे एक बड़े विद्युत ट्रांसफार्मर के भीतर बनाई गई गुप्त स्कीम का खुलासा हुआ। पुलिस ने ट्रांसफार्मर के अंदर छिपाकर रखी गई 300 पेटी अवैध किंगफिशर बीयर बरामद की। इनमें 500 एमएल के कुल 7200 बीयर कैन थे। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त टाटा ट्रक भी जब्त कर लिया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रक चालक गंगाराम मीणा (28) पुत्र मोतीलाल मीणा निवासी हिरीवाली, थाना छोटीसादड़ी, जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार तस्करों ने सुनियोजित तरीके से ट्रक में विद्युत ट्रांसफार्मर रखकर उसके भीतर विशेष छिपाव कक्ष तैयार किया था, ताकि चेकिंग के दौरान किसी को शराब होने का संदेह न हो और आसानी से तस्करी की जा सके।कार्रवाई करने वाली टीम में एसआई सुरेश चंद्र, एएसआई राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल सूर्यभान सिंह, सुरेश कुमार, बाबूलाल, आशीष और कृष्ण कुमार शामिल रहे।

## 'आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने नई आर्थिक शक्ति प्रदान की'

FAIR REPORT
**जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण करने वाले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में इन ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए "विश्वास से विकास, सेवा से सुशासन" अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम संचालित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेंद्र मोदी ने देश के विकास को नई दिशा दी। 18



हजार से अधिक गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया। आज भारत बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है और किसानों, उद्योगों व आम नागरिकों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों घरों तक पेयजल पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, बांधों का सुदृढ़ीकरण व जल संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। रेलवे के क्षेत्र में व्यापक आधुनिकीकरण हुआ है। राठौड़ ने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को नई आर्थिक शक्ति प्रदान की है। भारतमाला परियोजना के माध्यम से आधुनिक सड़क नेटवर्क का विस्तार हुआ है और सीमावर्ती क्षेत्रों तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई गई है।

### हनुमान बेनीवाल समेत 14 नेताओं पर केस दर्ज किया गया

**जयपुर।** नागौर में बजरी खनन विरोधी आंदोलन और जयपुर कूच के आह्वान से जुड़े मामले में चार महीने बाद सांसद हनुमान बेनीवाल समेत 14 नेताओं और 200-250 समर्थकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का आरोप है कि काफिले के कारण हाईवे पर जाम लगा और यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस के अनुसार, यह मामला 13 जनवरी 2026 को रियां बड़ी में आयोजित एक सभा और उसके बाद निकाले गए काफिले से जुड़ा है। सभा में बजरी खनन के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ आंदोलन और जयपुर कूच का आह्वान किया गया था। आरोप है कि सभा के बाद बड़ी संख्या में समर्थक वाहनों के काफिले के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकल पड़े, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रशासन द्वारा निर्धारित शर्तों और निषेधाज्ञा के बावजूद सभा के बाद करीब 150 वाहनों का काफिला रियां बड़ी से रवाना हुआ। यह काफिला पादुकलां होते हुए अजमेर की ओर बढ़ा। इस दौरान कई स्थानों पर समर्थकों ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी की, जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।

## बेनीवाल ने मदन राठौड़ को भेजा लीगल नोटिस



FAIR REPORT
**जयपुर**

राजस्थान की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के बीच जारी बयानबाजी अब कानूनी मोड़ लेती नजर आ रही है। नागौर सांसद और आरएलपी संयोजक हनुमान बेनीवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को विस्तृत लीगल नोटिस भेजकर उनके खिलाफ कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। आरएलपी प्रमुख ने नोटिस के माध्यम से मांग की है कि मदन राठौड़ अपने कथित बयानों को तत्काल वापस लें और सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सक्षम न्यायालय में दीवानी और आपराधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। नोटिस में बेनीवाल ने आरोप लगाया है कि मदन राठौड़ द्वारा सार्वजनिक मंचों और मीडिया में दिए गए कुछ बयानों से उनकी व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

## सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे RLP कार्यकर्ता




FAIR REPORT
**जयपुर**

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामों के खिलाफ जोधपुर जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट के गेट बंद किए तो गुस्साए कार्यकर्ता बैरिकेड्स और लोहे के गेट पर चढ़ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। वहीं इस दौरान नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसलमेर में गौमाता के कंकाल मिलने जैसी घटनाओं के बावजूद सरकार चुप बैठी है। आरएलपी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रभारी रामदीन चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान आरएलपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर जाने पर अड़े थे, लेकिन पुलिस ने गेट बंद कर दिए। इसके बाद कई युवा कार्यकर्ता गेट के ऊपर चढ़कर ही नारेबाजी करने लगे।

ज्ञापन में प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को कम करने नए रोजगार का सर्जन करने की मांग की गई। साथ ही पेपर लीक की घटनाएं रोकने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अपराधों का ग्राफ बढ़ने से स्थिति बेहद खराब, दयनीय और सोचनीय हो गई है। इसके अलावा LPG गैस सिलेंडर की किल्लत दूर करने, पेयजल संकट का समाधान करने की मांग की गई।

**बचाव :** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने जारी की एडवाइजरी, मोबाइल की वैधता व चोरी का स्टेटस जांचने की दी सलाह

# यदि आप पुराना मोबाइल खरीद रहे हैं तो...केवाईएम से करें जांच

FAIR REPORT
**जयपुर**

यदि आप मोबाइल खरीदने जा रहे हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद लाभदायक है। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को मोबाइल खरीदते समय सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि नया या पुराना (सेकेंड हैंड) मोबाइल खरीदने से पहले उसकी वैधता, चोरी अथवा ब्लैकलिस्ट होने की स्थिति की जांच अवश्य कर लें। इसके लिए केंद्रीय दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित सीईआईआर पोर्टल की केवाईएम (Know Your Mobile) सेवा आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह के निर्देशानुसार साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और नागरिकों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि कई बार लोग बिना सत्यापन के सेकेंड हैंड मोबाइल खरीद लेते हैं, जो बाद में चोरी का, ब्लैकलिस्टेड या क्लोन पाया जाता है। ऐसे मामलों में आर्थिक नुकसान के साथ कानूनी परेशानियां भी खड़ी हो सकती हैं।



### ऐसे करें मोबाइल का सत्यापन

- मोबाइल का आईएमईआई नंबर जानने के लिए अपने फोन से *#06# डायल करें। इसके बाद SMS, मोबाइल एप या CIR पोर्टल के माध्यम से सत्यापन करें।
- मोबाइल के मैसेज बॉक्स में जाकर टाइप करें: KYM <स्पेस> IMEI नंबर और इसे 14422 पर भेज दें। कुछ ही क्षणों में मोबाइल का स्टेटस एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हो जाएगा।
- KYM मोबाइल ऐप के माध्यम से : गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से "KYM – Know Your Mobile" ऐप डाउनलोड करें। ऐप में IMEI नंबर दर्ज करें अथवा मोबाइल बॉक्स पर मौजूद बारकोड को स्कैन कर जानकारी प्राप्त करें।

**KYM सेवा से ये मिलेगी जानकारी**

- डिवाइस विवरण: मोबाइल का ब्रांड और मॉडल वही है या नहीं, जो विक्रेता बता रहा है।
- वैधता की जांच: मोबाइल असली है या क्लोन (नकली)।
- ब्लैकलिस्ट स्टेटस: मोबाइल चोरी, गुमशुदा या ब्लॉक तो नहीं है।

### खरीदते समय बरतें ये सावधानियां

कोई भी मोबाइल खरीदने से पहले उसका IMEI नंबर KYM सेवा के माध्यम से अवश्य जांचें। यदि मोबाइल का स्टेटस Blacklisted या Blocked दिखाई दे तो उसे बिल्कुल न खरीदें, क्योंकि वह मोबाइल चोरी, गुमशुदा अथवा अवैध गतिविधियों से जुड़ा हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध होता है तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://www.ceir.gov.in या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। इसके अतिरिक्त साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## ब्रीफ खबरें

### बोर्ड-निगमों से सरकारी नौकरी में आने वालों को पे-प्रोटक्शन नहीं



**जयपुर।** प्रदेश के बोर्ड, निगमों, पंचायतीराज संस्थाओं और दूसरी गैर सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों के सीधी भर्ती से सरकारी नौकरी में आने पर उन्हें पे-प्रोटक्शन का लाभ नहीं मिलेगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों को सर्कुलर जारी कर इसका कड़ाई से पालन करने को कहा है। इन कर्मचारियों के पिछले संस्थान में मिले आखिरी वेतन के हिसाब से नई सैलरी तय नहीं होगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों को सर्कुलर जारी कर बताया- 1 सितंबर 2025 को जारी प्रावधानों के अनुसार प्रदेश के PSUs, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, निगम बोर्ड के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। यदि ऐसे कर्मचारी सीधी भर्ती से सरकारी सेवा में चयनित होकर आते हैं तो उन्हें उनकी आखिरी सैलरी के हिसाब से वेतन तय करना मंजूर नहीं किया जाएगा। राजस्थान सेवा नियम-1951 के नियम 24 और 26 के तहत पे-प्रोटेक्शन का फायदा नहीं मिलेगा। बोर्ड, निगमों और पंचायतीराज संस्थाओं में काम करने वाले कर्मचारी सीधी भर्ती से सरकारी नौकरी में आते हैं तो अब उनका वेतन कम भी हो सकता है। पुराने संस्थान में आखिरी सैलरी के बराबर वेतन फिक्स होने के पुराने प्रावधानों का फायदा नहीं मिलेगा।

### बच्चों तक पहुंचाएं, देश का गौरवशाली इतिहास : खर्रा



**जयपुर।** नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हमारे बुजुर्ग, भावी पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास और वीरों की गाथाएं, कथाओं के रूप में सुनाएं, जिससे युवाओं को यह जानकारी मिल सके कि हमारे राष्ट्र भक्तों ने विदेशी आक्रांताओं का किस प्रकार मुकाबला किया। आजादी की जंग में अनगिनत देशभक्तों ने अपना सर्वस्व देश के लिए कुर्बान कर दिया और आजादी के बाद हमारी तीनों सेनाएं और अर्धसैनिक बल, समर्पण के भाव के साथ हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखे हुए हैं। खर्रा ने मंगलवार को बीकानेर जिले के उदयरामसर के मुख्य बाजार में सीआरपीएफ के अमर शहीद हवलदार श्री गजराज सिंह यादव की प्रतिमा के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। खर्रा ने कहा कि उदयरामसर की पावन धरा में जन्मे श्री गजराज सिंह ने नक्सलवादियों से संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। हमें शहीद और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना के तीनों अंग और अर्धसैनिक बल, सदैव विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहकर मातृभूमि की एकता, अखंडता सुरक्षा और देश के अंदर पैदा हुई किसी विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करते हैं। इनके सर्वस्व अर्पण के भाव के कारण हम चैन की नींद सो पाते हैं ।

### देवनानी ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की मुलाकात



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को देहरादून पहुँचे। देवनानी ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। धामी ने देवनानी का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। देवनानी ने सीएम धामी को राजस्थान विधानसभा में किए गये नवाचारों पर आधारित पुस्तक की प्रति भेंट की। देवनानी ने राजस्थान विधानसभा में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों एवं कार्यक्रमों की जानकारी धामी से साझा की। धामी ने स्पीकर देवनानी द्वारा किए गए नवाचारों की सराहना की। धामी ने स्पीकर देवनानी के विधानसभा भवन के विभिन्न द्वारों के नामकरण को ऐतिहासिक और मूल्यपरक निर्णय बताते हुए कहा कि द्वारों के नाम लोकतंत्र के मूल आदर्शों के प्रतीक हैं। इन द्वारों से प्रवेश करने वाला प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करेगा कि वह केवल एक भवन में नहीं बल्कि लोकतांत्रिक संस्कारों के पवित्र केंद्र में प्रवेश कर रहा है।

### ओम बिरला ने किया 14.5 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कोटा जिले के सुल्तानपुर में 14.5 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान झोटोली रोड पर 4.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक इंडोर खेल स्टेडियम का लोकार्पण किया। खेलो इंडिया योजना के तहत बने इस मल्टीपरपज इण्डोर खेल स्टेडियम में स्थानीय खिलाड़ियों को बैडमिंटन, टेनिस, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी, जिम्नास्टिक, योग एवं फिटनेस गतिविधियों सहित विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को



सम्बोधित करते हुए स्पीकर बिरला ने कहा कि सुल्तानपुर क्षेत्र विकास के नए अध्याय लिख रहा है। वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान भी हो रहा है और हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में क्षेत्र में लगभग 207 करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए हैं और इन पांच वर्षों में सुल्तानपुर क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराने का लक्ष्य है।

## ब्रीफ खबरें

### उपलब्धि : माधव विवि में दिव्यांग विमर्श पर शोध को मिली सराहना



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय अंतर्गत हिंदी विभाग में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई। सह आचार्य डॉ. रेणुका के निर्देशन में शोधार्थी पूरण ने "समकालीन हिंदी कहानी और दिव्यांग विमर्श: एक समीक्षात्मक अध्ययन" विषय पर अपना पीएच.डी. शोध कार्य पूर्ण किया। शोध मौखिकी परीक्षा के दौरान गुजरात के सतलाना कॉलेज से पधारे बाह्य परीक्षक डॉ. विनोद चंद्र ने शोध कार्य का विस्तृत मूल्यांकन किया। उन्होंने शोध की मौलिकता, विषय की समसामयिक प्रासंगिकता तथा विश्लेषण की गहराई की सराहना करते हुए कहा कि समकालीन हिंदी कहानियों में दिव्यांग जीवन के विभिन्न आयामों का यह अध्ययन साहित्यिक एवं सामाजिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शोध कार्य को पुस्तक रूप में प्रकाशित करने का सुझाव भी दिया, जिससे शोधार्थियों एवं पाठकों को लाभ मिल सके। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा, डॉ. संजय परिहार, डॉ. बिशाल भट्टाचार्य, डॉ. फूल सिंह,अशोक कुमार प्रजापत, विपुल राजपुरोहित सहित हिंदी एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पूरण एवं शोध निर्देशक डॉ. रेणुका को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### पदोन्नति तिथि अंकन की मांग हुई तेज, 8 जून को करेंगे निदेशालय का घेराव



**नागौर।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद प्रधानाचार्य (रेसा-पी) ने सत्र 2015-16 से 2019-20 तक पदोन्नति प्राप्त प्रधानाचार्यों की पदोन्नति तिथि अंकित करने की मांग को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष पवन मांजू के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में लंबे समय से लंबित मामले के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। परिषद ने ज्ञापन में बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर स्तर पर यह प्रकरण वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है। जबकि 3 मार्च 2015 को वित्त विभाग द्वारा 4999 प्रधानाचार्य पदों को स्वीकृति के स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके थे। इसके बावजूद निदेशालय के डीपीसी विभाग में पदोन्नति तिथि अंकन का मामला अब तक विचाराधीन है। पदाधिकारियों का कहना है कि पदोन्नति तिथि अंकन नहीं होने से बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य प्रभावित हो रहे हैं और उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की कि लंबित प्रकरण का जल्द निस्तारण कर संबंधित प्रधानाचार्यों को न्याय दिलाया जाए।

### अवैध हुक्का बार चला रहे ASI समेत दो अरेस्ट, एसपी ने किया सस्पेंड



**अजमेर।** जिले में ASI अवैध रूप से हुक्का बार चला रहा था। जब पुलिस ने छापा मारा तो ASI अनिल जाखड़ हंगामा करने लगा। इस पर पुलिस टीम ने अनिल जाखड़ और हुक्काबार संचालक जतिन को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को कोर्ट में पेशी के दौरान आरोपी ASI ने मीडिया से कहा कि मेरी फोटो लॉरेंस बिश्नोई की तरह लेना। अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने एएसआई अनिल जाखड़ को सस्पेंड कर दिया है। मामला गंज थाना क्षेत्र के बोराज रोड स्थित धानुका गार्डन के पास संचालित सीएनसी कैफे का सोमवार रात 11:30 बजे का है। एएसआई अनिल जाखड़ पुलिस लाइन में तैनात है। इससे पहले भी अनिल किसी विवाद में सस्पेंड हो चुका है। पुलिस ने कहा कि मामले में FIR दर्ज कर ली गई है। जांच में पता चलेगा कि हुक्का बार कौन चलाता था। पुलिस को शहर के सीएनसी कैफे में अवैध रूप से हुक्का परोसे जाने की सूचना मिली। इस पर गंज थाना पुलिस और सीओ दरगाह की टीम ने देर रात दबिश दी। वहां हुक्का पीते मिले 10 युवकों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 200-200 रुपए के चालान काटे गए। पुलिस ने कुल 2 हजार रुपए की चालान राशि वसूल की। पुलिस ने 4 हुक्के, 4 चिलम और अन्य सामग्री जब्त की। जांच में सामने आया कि कैफे में मौजूद जतिन बिना किसी लाइसेंस और अनुमति के ग्राहकों को विभिन्न फ्लेवर के हुक्के उपलब्ध करा रहा था।

### ट्रक में घुसी मुर्गों से भरी पिकअप, केबिन में फंसा रहा ड्राइवर, मौत



**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल नेशनल हाईवे 48 पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां मुर्गों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में पीछे से बेहद भीषण तरीके से घुस गई। टक्कर से पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर केबिन में ही फंस गया। करीब दो घंटे बाद ड्राइवर को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पिकअप में भरे सैकड़ों मुर्गे आजाद होकर हाईवे पर इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई मुर्गे अन्य आते-जाते वाहनों की चपेट में आ गए, जिससे उनकी भी मौत हो गई। हाईवे पर अचानक मुर्गों के आ जाने और हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।घटना की सूचना मिलते ही एबुलेंस मौके पर पहुंची और तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और केबिन में फंसे ड्राइवर को बाहर निकालने की कोशिश की।

---

**प्रदूषित पानी छोड़ने का मामला :** सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी को नदी के निरीक्षण में मिली थी खामियां

# ड्रोन ने तलाशी अवैध फैक्ट्रियां, जेडीए और पॉल्यूशन बोर्ड ने तोड़ीं

FAIR REPORT

**जोधपुर**



जिले की जोजरी नदी में लगातार फैक्ट्री का पानी छोड़ा जा रहा है। इसे लेकर मंगलवार को जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से थुंबली-भांडू में अवैध कपड़ा फैक्ट्री पर कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि जोधपुर के ग्रामीण इलाकों में चल रही इन फैक्ट्रियों को पकड़ने के लिए ड्रोन सर्वे भी करवाया जा रहा है। टीम जब थुंबली-भांडू पहुंची तो यहां 18 प्लास्टिक के टैंक मिले, जिन्हें जेसीबी से तोड़ा गया। जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी के नेतृत्व में जेडीए की ओर से ड्रोन क्षेत्र में संचालित अवैध रंगाई-छपाई इकाइयों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जेडीए उप आयुक्त राजेश भाई कलबी ने बताया- जोनवार ड्रोन सर्वे के जरिए अवैध और अनाधिकृत रंगाई-छपाई फैक्ट्रियों को चिन्हित किया जा रहा है। जेडीए प्रवर्तन शाखा की टीम ने सांगरिया, बासनी, भांडू तथा आसपास के क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर कार्रवाई की। तहसीलदार डॉ. हंसराज राठौड़ के नेतृत्व में जेडीए और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल की संयुक्त टीम ने थुंबली-भांडू क्षेत्र में कार्रवाई की थी। यहां अवैध रूप से संचालित रंगाई-छपाई फैक्ट्री को जेसीबी की सहायता से तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में लगी 18 प्लास्टिक हौदियां, विभिन्न मशीनें भी हटाई गईं। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में कपड़ों के थानों से भरा एक ट्रक और कैंपर भी खड़ी थी। जिन्हें जब्त कर कार्रवाई के लिए बोरानाड़ा पुलिस थाने के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी जोगेंद्र सिंह चौधरी, जेडीए का अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि अवैध रंगाई-छपाई इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### ग्रामीणों ने एक्शन को सराहा

सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी के निरीक्षण में जोजरी नदी में प्रदूषित पानी छोड़ने के मुद्दे पर शहर की टेक्सटाइल फैक्ट्रियां बंद हैं। ऐसे में इन फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर विरोध-प्रदर्शन पर उतर गए हैं। मजदूरों ने कहा कि फैक्ट्रियां बंद होने की वजह से हमारी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। हालांकि दूसरी तरफ नदी में प्रदूषण की वजह से प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि नदी में प्रदूषण की वजह से उनके खेत नष्ट हो गए हैं। पर्यावरण से लेकर पशु-पक्षियों को भी नुकसान पहुंचा है। शहर में मंगलवार को सर्किट हाउस में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित कमेटी के सदस्य मौजूद थे। ऐसे में मजदूर सर्किट हाउस पहुंचे। उनके प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने सर्किट हाउस के गेट बंद कर दिए। इसके बाद मजदूरों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन में शामिल श्रमिकों ने नारेबाजी की और बंद पड़ी फैक्ट्रियों को खोलने की मांग की।

---

**बाजार में खपाने की थी तैयारी :** मध्यप्रदेश के तस्कर भी शामिल... केमिकल जब्त

# दो एमडी फैक्ट्री पर छापा, 6 आरोपी गिरफ्तार

FAIR REPORT

**बाड़मेर**



एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स ने बाड़मेर ओर जोधपुर में अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए दो एमडी फैक्ट्री को पकड़ा है। टीम ने 6 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। कर्जे में डूबे तस्करों ने मध्यप्रदेश के तस्करों से संपर्क कर उन्हें जोधपुर बुलाया। इसके बाद यूट्यूब से एमडी बनाने की विधि सीखी। फिर एमडी बनानी शुरू की। टीम ने बड़ी मात्रा में केमिकल जब्त किया है, जबकि एक कार को भी जब्त किया गया है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने बताया कि टीम को जानकारी मिली कि एमडी फैक्ट्री में मध्यप्रदेश के तस्कर भी शामिल है। वे एमडी बनाने के साथ केमिकलों के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं। दरअसल, एएनटीएफ को मारवाड़ इलाके में अवैध मादक-पदार्थ की फैक्ट्रियों चलने का इनपुट मिला रहा था। इसी दौरान बाड़मेर में फैक्ट्री लगाने की जानकारी सामने आई। एमडी तैयार करने और बाजार में उसे अवैध रूप से बेचे जाने की तैयारियां चल रही थीं। सभी ने अपने-अपने काम आपस में बांट रखे थे और प्रोफेशनल की तरह वर्किंग कर रहे थे। इसके बाद बाड़मेर जिले के धनाऊ थाना इलाके में एमडी फैक्ट्री लगाने की तैयारी की गई। धनाऊ थाना इलाके के भुणियां गांव के छछीबेरी गांव के हेमाराम के खेत पर बना एक कमरा किराए पर लेकर फैक्ट्री डाली गई। पुख्ता सूचना के बाद पुलिस ने दबिश दी और संदिग्ध सामग्री के साथ आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने अवैध 2-ब्रोमो, 4 मिथाइल प्रोपिओफेनोन केमिकल से भरे जैरीकेन को भी जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। बाड़मेर में पकड़े गए आरोपी नारायणराम ने पूछताछ में बताया- मेरा घर जोधपुर जिले के कापरड़ा थाना इलाके के रामड़ावास कल्ला में है। वहां हमने एमडी बनाने के उपकरण और केमिकल रखे हुए थे। हमने वहां एमडी बनाई थी, लेकिन वह प्रोपर नहीं बन पाई। पूछताछ में नारायणराम ने बताया कि वह मजदूरी के लिए बेंगलुरु गया था, वहां स्टील-फर्नीचर की दुकान पर काम करने लगा। इस दौरान मध्यप्रदेश के प्रेमसिंह, विजयपाल और सुमेरसिंह से दोस्ती हो गई। सभी धीरे-धीरे नशा करने लग गए। मैंने वापस गांव में आकर शादी कर ली। नशे के लिए पत्नी के गहने तक बेच दिए। कर्जे में डूब गया। आरोपी नारायणराम का दोस्त अशोक भी नशे की लत का आदि था। उसने भी अपना पैसा डबल करने के लिए शेयर मार्केट में पैसा लगाया, लेकिन पैसा तो डबल नहीं हुआ। कर्जे में डूब गए। वापस बेंगलुरु गए तो वहां दोस्तों के साथ मिलकर एमडी बनाने की प्लानिंग की। दोनों ने दोस्तों को भी जोधपुर बुलाया। आरोपी नारायणराम फैक्ट्री लगाने के लिए कॉन्ट्रेक्टर बना। अशोक कच्चा माल सप्लायर, प्रेमसिंह विजयपालसिंह एमडी बनाने में एक्सपर्ट थे। सभी ग्रुप में काम करने लगे। हेमाराम केमिकल की जानकारी रखता था।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार

आरोपी नारायणराम ने बताया कि उसने दोस्तों को जोधपुर बुलाकर एमडी बनाने की प्लानिंग शेयर की। सभी मिलकर यूट्यूब से देखकर एमडी बना रहे थे। लेकिन हर बार एमडी बन तो जाती, लेकिन जल जाती। जब वे खराब ब्रोमो देने के लिए हेमाराम के खेत पर गए, जहां ब्रोमो सप्लायर का इंतजार कर रहे थे। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी नारायणराम पुत्र सूरजाराम निवासी रामडावास तहसील पीपाड़ कापरड़ा जोधपुर ग्रामीण, अशोक कुमार पुत्र हनुमानराम निवासी केरिया थाना चितलवाना जालोर, सुमेरसिंह पुत्र भगवानसिंह निवासी बरखेड़ा जयसिंह पुलिस थाना पिपलिया मंड मध्यप्रदेश, प्रेमसिंह पुत्र फूंदा सिंह निवासी जमालपुरा थाना वाईडी नगर जिला मंदसौर मध्यप्रदेश, विजयपाल सिंह पुत्र नागुसिंह निवासी कुम्हारी पुलिस थाना रिंगनोद जिला रतलाम मध्यप्रदेश, हेमाराम पुत्र हमीरराम निवासी छछी बेरी पुलिस थना धनाऊ बाड़मेर को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस की परिवार से बदसलूकी, बेटी को बेल्ट से पीटा

**जालोर।** जिले के एक पुलिस थाने में सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचे एक परिवार को पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से पीटा। बेटे-बेटी के सामने पिता को लात-घूंसे मारे गए। फोन छिनकर धक्के मारकर गिरा दिया गया। पीड़ित युवती की पीठ पर भी बेल्ट से वार किए, जिससे युवती के पीठ पर गहरे घाव हो गए। घटना जिले के एक थाना इलाके में 31 मई को हुई। पीड़िता और उसका परिवार मंगलवार को जालोर एसपी ऑफिस पहुंचा, जहां न्याय की मांग की। एसपी शैलेंद्र सिंह इंदौरिया का कहना है कि आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद कर दिया गया है। जबकि पीड़िता और उसके परिवार से थाने में मारपीट के मामले की जांच की जा रही है, दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने बताया गांव में एक पत्थर की खदान है। वहां अवैध तरीके से ब्लास्टिंग का काम किया जा रहा है। जब खदान के संचालकों को वहां ऐसा करने से मना करते है तो वहां शराब के नशे में मारपीट करते हैं और धमकाते हैं। गांव से जब लड़कियां कॉलेज आती-जाती है तो छेड़छाड़ करते हैं। कई बार हमला भी कर चुके हैं। उसने बताया पीठ पर घाव हो गए।

---

### 35 हजार में बेचते थे 1 लाख के नकली नोट, 24 लाख की फेक करेंसी बरामद की... पुलिस ने चार जनों को पकड़ा

FAIR REPORT

**दौसा**



नकली नोट छापने और सप्लाई करने वाले गिरोह के पकड़े गए 4 आरोपियों से पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी 1 लाख के नकली नोट 35 हजार रुपए में बेच देते थे। फरीदाबाद (हरियाणा) में पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी नोट छाप चुके थे। लेकिन उनकी कटिंग नहीं की थी। वे सप्लाई करने की तैयारी में थे। दरअसल, पुलिस ने फरीदाबाद से 2 आरोपियों को पकड़ा था। एक आरोपी को दौसा से गिरफ्तार किया गया। अलवर से एक नाबालिग को डिटेन किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 24 लाख 84 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए थे। फरीदाबाद से पकड़े आरोपियों ने राजस्थान में गैंग बना रखी थी। एडिशनल एसपी शंकरलाल मीणा ने बताया कि 28 मई को दौसा के एक दुकानदार ने सूचना दी थी कि एक लड़का उसे नकली नोट दे गया है। पुलिस को पेपर की क्वालिटी से पहचान हुई कि यह नोट नकली है। मामले में 28 मई को आयुष कुमार मीना बीड़ की ढाणी, मांगाभाटा, थाना सदर दौसा और एक नाबालिग को पकड़ा था। पूछताछ में सरगना समेत दो के नाम सामने आए। आयुष मीना के पास पुलिस को 40 हजार रुपए बरामद हुए। आयुष से मिले इनपुट के आधार पर अलवर का एक नाबालिग फरीदाबाद में इन नोटों की सप्लाई करता था। जानकारी के आधार पर 1 जून को संतोष सिंह वाल्मीकि अलीगढ़, हाल फरीदाबाद हरियाणा और विशाल झारखंड, हाल नोएडा को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया।

### नर्सिंगकर्मियों की बढ़ी चिंता, सांसद से की सेवाओं को सुरक्षित रखने की गुहार

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**



चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक नए प्रशासनिक आदेश ने भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में कार्यरत नर्सिंगकर्मियों की चिंता बढ़ा दी है। अपनी सेवाओं को सुरक्षित रखने की मांग को लेकर प्रभावित नर्सिंगकर्मियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और सांसद को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी हॉस्पिटल में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 48 नर्स ग्रेड-2 कर्मी पिछले 2 से 3 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये कर्मचारी अस्पताल के जनरल वार्डों के अलावा बेहद संवेदनशील व क्रिटिकल एरिया जैसे मेडिकल आईसीयू और स्टेपडाउन आईसीयू में पूरी निष्ठा के साथ मरीजों की देखभाल में जुटे हैं। हाल ही में विभाग द्वारा विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में आईसीयू बेड और पदों के रूपांतरण को लेकर नई प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं। राजस्थान के अन्य जिलों में इस आदेश के लागू होने के पैटर्न को देखते हुए, भीलवाड़ा के इन 48 प्लेसमेंट कर्मियों में भी अचानक सेवा समाप्ति की आशंका गहरा गई है। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान महंगाई के दौर में भी वे मात्र 7,320 रुपये मासिक के अल्प वेतन पर मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।


---

**होगी पूछताछ :** दोनों आरोपी हथियारों की सप्लाई और फायरिंग की घटनाओं में सक्रिय भूमिका रखने वाले

# गोदारा गैंग का शूटर-हथियार सप्लायर पकड़ा, बड़े खुलासे की संभावना

FAIR REPORT

**श्रीगंगानगर**



जिले की जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रोहित गोदारा गैंग के हथियार सप्लायर्स व एक शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। एसपी हरीशंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मार्च को श्रीकरणपुर थाना पुलिस ने गुरजीत सिंह गिल (23) निवासी गुरुसर (श्रीगंगानगर) को 1 पिस्टल चार मैगजीन सहित और 4 अतिरिक्त मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान जवाहर नगर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह की टीम ने राहुल नागपाल (30) और नवजोत सिंह (23) को भी गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के बड़े भाई हनुमान स्वामी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने 18 मार्च को पकड़े गए बदमाश को एक पिस्टल चार मैगजीन सहित, चार अतिरिक्त मैगजीन और 1 लाख रुपए वारदात को अंजाम देने के लिए उपलब्ध कराए थे। इसी मामले में पुलिस ने अब कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए रोहित गोदारा गैंग के एक शूटर व एक हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हरमन प्रीत (27) और रोहित सहोता (21) के रूप में हुई है। दोनों को पंजाब के अलग-अलग इलाकों से दबोचा गया। दोनों आरोपी गैंग के लिए हथियारों की सप्लाई करने और फायरिंग की घटनाओं में सक्रिय भूमिका रखने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं तीन दिन पहले राजस्थान में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सबसे खूंखार चेहरे और विदेश में बैठकर सिंडिकेट चला रहे गैंगस्टर रोहित गोदारा को श्रीगंगानगर पुलिस ने बड़ा झटका दिया था। थाना पुलिस ने रोहित गोदारा के बड़े भाई हनुमान स्वामी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की थी। आरोपी हनुमान स्वामी ही राजस्थान में गोदारा गैंग के लिए बैक-एंड पर काम करते हुए शूटरों को हथियार, कारतूस और पैसे की सप्लाई कर रहा था। एसपी ने बताया कि 42 वर्षीय आरोपी हनुमान स्वामी कुछ समय से फरार चल रहा था।

### 4.20 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा, ठगों के 7 मददगार दबोचे

**जालोर।** जिला पुलिस और साइबर थाना पुलिस ने एक स्पेशल अभियान ऑपरेशन म्यूल हंटर चलाकर बड़ा खुलासा किया है। टीम ने साइबर अपराधियों और उन्हें बैंक खाते-सिम कार्ड उपलब्ध करवाने वाले बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 16 म्यूल खाताधारकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन खातों के जरिए करीब 4.20 करोड़ रुपए की संदिग्ध/साइबर अपराध की राशि का लेनदेन सामने आया है। चिन्हित किए गए 16 म्यूल खातों में लगभग 4.20 करोड़ रुपए की संदिग्ध राशि प्राप्त की गई थी। जिस पर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस गिरोह से जुड़े 7 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से साइबर अपराध में प्रयुक्त 6 मोबाइल फोन,4 एटीएम (ATM) कार्ड, 1 चेक बुक, दो पैन (PAN) कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 58 अन्य म्यूल खाताधारकों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें भविष्य के लिए पाबंद करवाया।

# 575 Policemen, 97 Teams and 111 Arrests; Chittorgarh Police Cracks Down on Criminals

**Simultaneous raids across the district; two reward-carrying criminals and an NDPS accused also arrested**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Chittorgarh Police achieved major success during a one-day area domination campaign conducted on Monday to strengthen law and order and arrest wanted criminals. Under the direction of SP Dharmendra Singh Yadav, 97 special teams carried out simultaneous operations across the district and arrested 111 wanted accused. The arrested persons include two reward-carrying criminals. During the campaign, police also took action under the NDPS Act, Excise Act and Arms Act, recovering illegal narcotics and weapons. SP Dharmendra Singh Yadav said that under the supervision of ASP Mukul Sharma, special raiding teams were formed after preparing lists of wanted criminals in all circles and police stations. The campaign was conducted simultaneously in Chittorgarh city, rural Chittorgarh, Gangrar, Kapasan, Begun, Rawatbhata, Bari Sadri, Nimbahera and Bhadesar circles. During the campaign, Rashmi Police carried out a major action under the NDPS Act and seized 5 kg 730 grams of illegal poppy husk (Doda Chura). One accused was arrested and a case was registered against him under the NDPS Act. The action is being seen as an important success in the ongoing drive against drug trafficking in the district.

### Early Morning Raids, 111 Arrested

Early on Monday morning, 575 police personnel conducted raids at various suspicious locations across the district. During the operation, 29 accused wanted in different criminal cases, 83 accused wanted in warrants, absconding cases and other matters, and 31 persons under preventive action were arrested.

### Two Reward-Carrying Criminals Also Held

During the campaign, Bhadsoda Police arrested Sanjay Jat, a reward-carrying criminal from Sirohi district with a reward of Rs 4,000. Rashmi Police also detained Rakesh Vishnoi, a reward-carrying accused from Chittorgarh district with a reward of Rs 5,000. Both had been evading arrest for a long time.

### Action Under Arms and Excise Acts

During the area domination campaign, police registered two cases under the Excise Act and three cases under the Arms Act and arrested five accused. According to police officials, strict monitoring of criminals is continuing in the district and similar campaigns will be conducted in the future.

# Fake Finance Agents Arrested for Illegal Recovery on Highway

**Used to stop vehicles and demand money by claiming pending loan installments; Police also seized a Baleno car**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Sadar Chittorgarh Police have arrested three persons who were illegally collecting money from vehicle owners by posing as finance company recovery agents on the Chittorgarh-Bhilwara highway. The accused used to stop vehicles passing on the highway, claim that loan installments were pending and collect money from the owners. Police also seized the Baleno car used by them during the operation. District Police Superintendent Dharmendra Singh Yadav said that a special drive is being conducted against people who pose as finance or recovery agents and illegally collect money by threatening people and claiming to seize vehicles. Under the supervision of ASP Mukul Kumar Sharma and DSP Brijesh Singh, a police team led by Sadar SHO Prem Singh carried out the action. Acting on a tip-off, the police team reached Bojunda Pulia on the Chittorgarh-Bhilwara highway on Tuesday. There, three persons sitting in a Baleno car were stopping vehicles passing on the highway and introducing themselves as finance company recovery agents. They were allegedly collecting money from vehicle owners in the name of pending installments. During questioning, the three suspects failed to produce any valid licence or documents proving that they were authorised agents of any finance company or authorised for vehicle recovery. After verification, police arrested Madanlal Gurjar (30), a resident of Saiti, Shaitan Singh Rajput (31), a resident of Laxmipura-Barada, and Raju Gurjar (31), a resident of Bojunda. Police also seized the Baleno car used in the illegal recovery activity. The accused could not produce valid documents related to the vehicle. Police are now questioning the accused to find out how many vehicle owners they had illegally collected money from and whether any other persons are involved in the network. Further investigation is underway.

# 486 Kg Doda Chura Hidden in Secret Chamber Seized, CBN Catches Trailer; One Smuggler Arrested

**Consignment was being taken from Jaora-Mandsaur to Haryana; trailer and illegal narcotic substance seized**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Smugglers had planned to transport a large consignment of doda chura to Haryana by hiding it in a secret chamber built inside a trailer container. However, a joint operation by the Central Bureau of Narcotics (CBN) foiled their plan. The CBN Chittorgarh Division-2 and CBN Kota teams recovered about 485.580 kg of illegal doda chura. One accused has been arrested and the trailer along with the narcotic substance has been seized. Deputy Narcotics Commissioner (Kota) Naresh Bundel said that CBN officers had received information that a Haryana-registered Tata container trailer was carrying a large quantity of doda chura from the Jaora-Mandsaur area towards Haryana. Based on this information, a joint team of CBN Chittorgarh Division-2 and CBN Kota was formed. The team started surveillance on suspected routes and identified the trailer after several hours of monitoring. The vehicle was stopped and checked near Mewati Dhaba parking on National Highway-52 in the Mandana police station area of Kota district. Initially, the trailer appeared to be a normal goods vehicle. However, during a detailed inspection, officers noticed a section between the driver's cabin and the container that looked different from the normal structure. On examination, it was found to be a specially built secret chamber. When officers opened the chamber, they found 32 black plastic bags inside.

# More Than 1,600 Students Benefiting from Hindustan Zinc's Shiksha Sambal Summer Camps

**Focus on English, Mathematics and Science along with sports, culture, skill development and personality growth**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** More than 1,600 students are benefiting this year from the summer training camps being organised under Hindustan Zinc's Shiksha Sambal Programme. Students from government schools in Udaipur, Salumber, Rajsamand, Chittorgarh, Bhilwara and Ajmer are participating in these camps to improve their understanding of English, Mathematics and Science. The programme also focuses on sports, cultural activities, skill development and overall personality growth. The 9th Summer Camp, organised by Hindustan Zinc in collaboration with Vidya Bhawan Society, Udaipur, was inaugurated at Zinc School, Zinc Nagar. The inauguration ceremony was attended by Chief District Education Officer Pramod Dashora, District Education Officer Rajendra Kumar Sharma, Programme Officer Nafees Ahmed, RCHO Dr. Priyanka Verma and other dignitaries. This year, around 1,200 students are participating in non-residential camps at Chanderiya, Dariba, Debari, Kayad, Agucha and Zawar, while more than 340 students are attending residential camps in Udaipur. The camps, running from May 20 to June 19, provide guidance to students of Classes 8, 10 and 12 through experienced teachers. Apart from regular studies, the camps include digital classes, audio-visual learning material, hands-on activities, clay art, pottery, creative projects using waste material and robotics. The enthusiasm, confidence and smiles on the faces of students reflect the positive learning environment and support they receive at the camps. Hindustan Zinc has been running the Shiksha Sambal Programme for the past 20 years to support quality education in rural areas. The summer camps, which have been organised for nearly a decade, continue to play an important role in improving academic performance and promoting the overall development of students.

# Trump Slashes Tariffs on Farm and Industrial Machinery: Combines, Bulldozers, Forklifts to Get Cheaper

FAIR REPORT

**WASHINGTON,** June 2: In a significant policy pivot that signals a softer edge to his otherwise aggressive tariff regime, US President Donald Trump has cut import duties on agricultural and industrial equipment by 10 percentage points — bringing the tariff rate down from 25% to 15%, with the relief confirmed to remain in place through the end of next year. The stated rationale is straightforward: boost agricultural investment and make heavy industrial machinery more accessible to American farmers and businesses. The beneficiaries of the tariff reduction span a wide range of workhorse equipment — combine harvesters, bulldozers, forklifts, and other mechanised farm and construction machinery that form the backbone of American agricultural and industrial productivity. The move carries considerable economic logic. American farmers, already squeezed by input costs and global commodity price volatility, have long complained that expensive imported machinery erodes their competitiveness. By reducing the landed cost of combines and harvesters, the Trump administration is offering the agricultural sector a tangible financial reprieve — even as tariffs on other categories of goods continue to generate friction with trading partners. For industrial users, cheaper forklifts and bulldozers translate directly into lower capital expenditure, a welcome relief for sectors navigating tight margins. The decision also carries a political dimension that is impossible to ignore. American farmers — a core constituency of Trump's electoral base — have borne significant collateral damage from the broader trade war dynamics of recent years. This targeted tariff reduction can be read as a deliberate effort to deliver visible, sector-specific relief ahead of a politically sensitive period.

# India Is Sitting on a ₹361 Lakh Crore Gold Mine — Locked in Lockers and Temple Vaults

**NEW DELHI,** June 2: Imagine a treasure so vast it could reshape India's economy, reduce its import bill, stabilise its currency, and strengthen its foreign exchange reserves — all without digging a single new mine. That treasure exists. It is sitting in India's homes, temples, and family vaults right now, gathering dust.

India holds an estimated 30,000 to 32,000 tonnes of gold in households and temple trusts — a staggering hoard valued at approximately 361 lakh crore. To put that in perspective, it is one of the largest privately held gold reserves on the planet, accumulated over centuries of weddings, harvests, inheritances, and religious offerings. And virtually none of it is doing any productive economic work. Prime Minister Narendra Modi has now made a direct public appeal — asking Indians to consider recycling this idle gold back into the formal economy. The pitch is not merely sentimental; it is coldly rational. Experts point out that mobilising even 1% of this dormant gold into the market could trigger a cascade of economic benefits. India's gold import bill — one of the heaviest drains on its current account — could shrink meaningfully. Pressure on foreign exchange reserves would ease. The rupee would find additional support. And a domestic gold recycling ecosystem, once established, could generate employment and reduce dependence on freshly mined, imported metal.

# Rida Syed Shines on National Stage with Her Painting on Motherhood

**Her artwork on the theme "My Mother" was selected among 37,196 entries from across the country; honoured in Jaipur**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** When emotions are expressed through art, they can earn recognition at the national level. Rida Syed, a Class 12 student of Birla Shiksha Kendra, Madhavnagar, has brought pride to both her school and Chittorgarh district through her artistic talent. Her painting was selected in a national-level painting competition from among 37,196 entries received from across the country, and she was honoured for her achievement. Recently, a national painting competition was organised on the theme "My Mother." The aim of the competition was to portray a mother's love, sacrifice, dedication and different roles through art. A total of 37,196 artworks were received from across India, out of which only 206 outstanding entries were selected. Among thousands of paintings and sketches, Rida Syed's artwork impressed the judges and earned a place among the top 206 selected works. For this achievement, she received recognition at the national level. A three-day exhibition of the selected artworks was organised at the renowned Kalaneri Art Gallery on JLN Marg in Jaipur. Artists, art lovers and experts from different parts of the country attended the exhibition. During the felicitation ceremony, Rida Syed was honoured for her outstanding artwork, which was highly appreciated by art enthusiasts and experts present at the event. Rida Syed said, "Expressing a mother's love and emotions through colours on canvas was a very emotional and special experience for me. Receiving recognition for this effort at the national level is a matter of great pride for me." The management, principal and teachers of Birla Shiksha Kendra, Madhavnagar, expressed happiness over Rida's achievement.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**